# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

**अत्यावश्यक / सर्वोच्च प्राथमिकता**

पत्रांक–895/ कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक– 15–09–2026

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

**विषय– दिनांक 17 सितम्बर, 2026 से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन, दैनिक रिपोर्टिंग, फोटोग्राफ, वीडियो एवं सोशल मीडिया अभिलेखीकरण के संबंध में।**

**महोदय,**

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्रबंधक / नोडल अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि शासन, उच्च शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 17.09.2026 से 17.10.2026 तक **"सेवा संकल्प अभियान"** के अंतर्गत विभिन्न जन–जागरूकता, सेवा, सामाजिक सहभागिता, छात्र सहभागिता एवं अन्य निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

उक्त अभियान के संबंध में शासन एवं जनपद स्तर पर निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा विभिन्न स्तरों पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय से अपेक्षा है कि वह इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए निर्धारित अवधि में कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं सहभागितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करे।

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2026 से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का विस्तृत कार्यक्रम / समय–सारिणी तैयार की गई है। सभी सम्बद्ध महाविद्यालय उक्त कार्यक्रमों को अपने स्तर पर निर्धारित तिथियों के अनुसार आयोजित करेंगे तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके महाविद्यालय में आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम का समुचित अभिलेखीकरण किया जाए। इसके अंतर्गत प्रत्येक कार्यक्रम की फोटोग्राफी, संक्षिप्त वीडियो रिकॉर्डिंग, प्रतिभागियों की संख्या, कार्यक्रम का नाम, तिथि, समय, स्थान तथा गतिविधि का संक्षिप्त विवरण सुरक्षित रखा जाएगा।

**विशेष रूप से निम्न निर्देशों का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगा–**

1. प्रत्येक कार्यक्रम के कम से कम दो स्पष्ट, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिनिधिक फोटोग्राफ लिए जाएँ।
2. प्रत्येक कार्यक्रम का लगभग 60 सेकण्ड का स्पष्ट, सुव्यवस्थित एवं उपयोगी वीडियो तैयार किया जाए, जिसमें कार्यक्रम की वास्तविक गतिविधि, प्रतिभागियों की सहभागिता एवं कार्यक्रम का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे।
3. कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात उसी दिन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित WhatsApp Group पर संबंधित महाविद्यालय द्वारा केवल दो सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफ भेजे जाएँ। समूह में अनावश्यक अथवा अत्यधिक फोटो प्रेषित न किए जाएँ।
4. यदि किसी महाविद्यालय द्वारा अभियान से संबंधित गतिविधियों के प्रचार–प्रसार हेतु Facebook, Instagram, X, YouTube अथवा अन्य अधिकृत Social Media Account / Page का उपयोग किया जा रहा है, तो संबंधित गतिविधि की फोटो / वीडियो वहाँ अपलोड करने के पश्चात उसकी सीधी लिंक उसी दिन WhatsApp Group पर साझा की जा सकती है।
5. प्रत्येक दिन की गतिविधि के संबंध में यह सुनिश्चित किया जाए कि या तो निर्धारित WhatsApp Group पर दो फोटो भेजे जाएँ अथवा अधिकृत Social Media Post की लिंक साझा की जाए। जहाँ संभव हो, दोनों उपलब्ध कराए जाएँ।
6. सभी महाविद्यालय अपने स्तर पर प्रत्येक कार्यक्रम का पूर्ण डिजिटल अभिलेख सुरक्षित रखें। केवल WhatsApp Group पर भेजे गए दो फोटोग्राफ ही अंतिम अभिलेख नहीं माने जाएँगे।

क्रमशः पेज नं0– 02 पर

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

## सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)

Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in




7. पूरे अभियान की समाप्ति के पश्चात प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा दिनांक 17.09.2026 से 17.10.2026 तक आयोजित समस्त कार्यक्रमों का एक Compiled Digital File / Folder तैयार किया जाएगा।

**Compiled File में कम से कम निम्न विवरण सम्मिलित होंगे–**

- कार्यक्रमवार दिनांक एवं शीर्षक –
- संक्षिप्त विवरण –
- प्रतिभागियों की संख्या –
- प्रत्येक कार्यक्रम के प्रमुख फोटोग्राफ –
- प्रत्येक कार्यक्रम का लगभग 60 सेकण्ड का वीडियो –
- यदि सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया हो तो संबंधित लिंक –
- महाविद्यालय का नाम –
- नोडल अधिकारी का नाम एवं संपर्क विवरण –
- अभियान की संक्षिप्त समेकित रिपोर्ट –

सभी कार्यक्रमों की समाप्ति के पश्चात तैयार की गई उक्त Compiled File / Folder विश्वविद्यालय को निर्धारित माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की गतिविधियों का समेकित अभिलेख तैयार किया जा सके तथा आवश्यकतानुसार शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन को प्रेषित किया जा सके।

प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य इस अभियान हेतु एक नोडल अधिकारी नामित करेंगे, जो कार्यक्रमों के आयोजन, फोटोग्राफी, वीडियो रिकॉर्डिंग, दैनिक रिपोर्टिंग, सोशल मीडिया लिंक तथा अंतिम संकलित अभिलेख के लिए उत्तरदायी होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि केवल कार्यक्रम आयोजित कर देना पर्याप्त नहीं होगा। कार्यक्रम का दृश्य अभिलेखीकरण, दैनिक रिपोर्टिंग एवं अंतिम संकलन अभियान का अनिवार्य भाग माना जाएगा।

जिन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते, दैनिक रिपोर्ट / फोटोग्राफ / लिंक समय से उपलब्ध नहीं कराए जाते अथवा अभियान में अपेक्षित सहभागिता नहीं की जाती, उनके संबंध में पृथक विवरण विश्वविद्यालय स्तर पर संकलित किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या यह सुनिश्चित करें कि सेवा संकल्प अभियान की प्रत्येक गतिविधि समयबद्ध, सहभागितापूर्ण, सुव्यवस्थित, अभिलेखित एवं दृश्य रूप से प्रभावी हो।

उक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

संलग्नक - यथोपरि।

15/09/26

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक–895 / तददिनांकित।

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, समस्त संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना / एन.सी.सी. समन्वयक, सि0वि0वि0कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. विश्वविद्यालय स्तरीय नोडल अधिकारी, सद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट / सोशल मीडिया।
6. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**

**मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 08.09.2026 का कार्यवृत्त:-**

---

उक्त बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया-

1) श्री एम0पी0 अग्रवाल, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2) श्रीमती निधि श्रीवास्तव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3) श्री बी0एन0 सिंह, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4) श्री सर्वेश कुमार सिंह, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5) श्री राम जन्म चौहान, उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6) श्रीमती मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उत्तर प्रदेश शासन।
7) निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
8) श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज।
9) श्री अजीत सिंह, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज।
10) श्री अवनीश गौतम, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज।
11) प्रो0 डी0सी0 शर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
12) डॉ0 दिनेश कुमार, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
13) कुलपति/कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।
14) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

2- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के दृष्टिगत दिनांक 17 सितंबर–17 अक्टूबर, 2026 तक विभिन्न 12 कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया जाना है।

3- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश दिये गये कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने वाले 12 कार्यक्रमों में से 05 कार्यक्रमों में उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। उक्त कार्यक्रम निम्नवत हैं -

**1. आशीर्वाद का दीया**
**2. कहानी बदलाव की**
**3. सेवा मेरा योगदान**
**4. सेवा रंग**
**5. सेवा सेतु अभियान**

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 1. | आशीर्वाद का दीया | 17 सितम्बर सायं 07:00 बजे | दीप प्रज्वलन कार्यक्रम |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में आवास स्थल एवं कार्यस्थल/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 2. | कहानी बदलाव की | - | डिजिटल व रील अभियान |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 साल के जनप्रतिनिधित्व काल की 25 कहानियों को डिजिटल व रील के माध्यम से क्रियान्वित कराना सुनिश्चित करें। मा0 मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विगत 09 वर्षों में अवस्थापना, शिक्षण पद्धति के माध्यम से आये हुए बदलाव पर छात्र/छात्राओं का मत लेकर डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि/अवधि | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|---|
| 3. | सेवा मेरा योगदान | 17 सितम्बर-17 अक्टूबर | जनभागीदारी अभियान |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कैंपस एवं महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाय। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर के सौदर्यीकरण हेतु युवा सहभागिता सुनिश्चित की जाय। वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करके युवा सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|
| 4. | **सेवा रंग** | जनभागीदारी अभियान<br>• चिन्हित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 108 मीटर व्यास का 'भारत मंडल' एवं भव्य ह्यूमन रंगोली का निर्माण<br>• थीम-प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कैंपस एवं महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047 से आच्छादित रंगोली का निर्माण छात्र-छात्राओं के सहयोग से किया जायेगा।

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रमुख गतिविधियां |
|---|---|---|
| 5. | सेवा सेतु अभियान | केन्द्र एवं राज्य की समस्त योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना। |

मा0 मंत्री जी द्वारा कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लाभार्थी तक ऑन द स्पाट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

- सूच्य है कि शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-886/सत्तर-3-2026-2087049, दिनांक 03 सितम्बर, 2026 को अवक्रमित करते हुए उक्त 05 कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने हेतु प्रदेश स्तर पर निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। तत्क्रम में समस्त राज्य विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय स्व-स्तर पर कार्यक्रमवार नोडल अधिकारी नामित कराया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी अपने से सम्बन्धित कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाकर उक्त कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करें।
- उक्त कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भारत सरकार से प्राप्त पायलट वीडियो के आधार पर क्रियान्वयन किया जाना।

4- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में नशा मुक्ति अभियान पर भी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को निर्देश दिये गये। मा0 मंत्री जी द्वारा निर्देश दिये गये कि नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में निदेशक, उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी होंगे। तत्क्रम में प्रत्येक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाय। मा0 मंत्री जी अवगत कराया गया कि यह अभियान आगामी 02 वर्षों तक चलता रहेगा। मा0 मंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर को नशा मुक्त परिसर स्थापित किये जाने हेतु कतिपय निर्देश दिये गये, जो कि निम्नवत हैं :-

(1) सप्ताह में प्रोफेसर्स द्वारा एक व्याख्यान नशा मुक्त अभियान पर दिया जाय।

(2) कक्षाएं प्रारंभ करने से पूर्व प्रोफेसर्स द्वारा छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी जाय।

(3) विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति अभियान के क्रम में होर्डिंग/बैनर लगाये जायें।

5- मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बैठक में नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक थाम हेतु कतिपय निर्देश दिये गये -

- नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में बुकलेट प्रकाशित किये जाने हेतु श्री ज्ञान प्रकाश वर्मा, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उक्त बुकलेट में नशा मुक्ति से सम्बन्धित विभिन्न चित्रों-पेपर कटिंग, सोशल मीडिया कवरेज आदि का संकलन किया जाना है।

- विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर में स्थापित छात्रावासों में वार्डन/प्रोक्टोरियल बोर्ड द्वारा औचक निरीक्षण किया जाय।
- मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिसर को नशा मुक्त किये जाने हेतु शिक्षा को ''संस्कार युक्त शिक्षा'' प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अतः मा0 प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर शैक्षणिक संस्थानों को नशा मुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by

**(शकील अहमद सिद्दीकी)**

संयुक्त सचिव।

Date: 11.09.2026 18:27:33

**उत्तर प्रदेश शासन**
**उच्च शिक्षा अनुभाग-3**
**संख्या-910 /सत्तर-3-2026-2087049**
**लखनऊ: दिनाॅक: 11 सितम्बर, 2026**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-</u>**

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2-निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र 0शासन।
3- निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
5- कुलसचिव/समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6- अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, उ0प्र0।
7- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,
**(शकील अहमद सिद्दीकी)**
संयुक्त सचिव।

**सेवा संकल्प अभियान**

**(17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026)**

**उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम**

1. **आशीर्वाद का दिया (17.09.2026)**
   - प्रत्येक महाविद्यालय और विश्वविद्यालय (निजी सहित) द्वारा किसी भवन विशेष पर सायंकाल दीपक प्रज्जवलित करना।
2. **मेरे सपनों का भारत (17.09.2026 से 07.10.2026 तक)**
   - इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जायें। भाषण का विषय "विकसित भारत की संकल्पना" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" रहेगा।
   - पहले चरण में महाविद्यालय स्तर पर, दूसरे चरण में उनके विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर तथा तीसरे स्तर पर विश्वविद्यालय विजेताओं की प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। सभी स्तर के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देना।
   - महाविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता- 3-5 छात्र/छात्राओं का चयन
   - विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता-महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग
   - विश्वविद्यालय स्तर पर विजेताओं का राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता-विजेताओं
3. **नमोसेवा-अनकही कहानियां (18.09.2026 से 15.10.2026 तक)**
   - "नमो सेवा गाथा" के रिकार्डेड कार्यक्रम/पायलेट वीडियो का प्रदर्शन।
   - जिले की पूर्व निर्धारित टीमों से महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन। इसमें फाइन आर्ट्स विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।
4. **सेवा की कहानी (17.09.2026 से 20.09.2026 तक)**
   - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर हुए सकारात्मक बदलाव की कहानी।
   - इस बदलाव से हुए सकारात्मक प्रभाव की 30 सेकण्ड की रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना।
5. **सेवा मेरा योगदान (17.09.2026 से 17.10.2026 तक)**
   - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय किसी स्थान विशेष पर स्वच्छता अभियान और सौन्दर्यीकरण का कार्य।
   - योगदान से पूर्व की फोटो और योगदान के बाद की फोटो, वीडियोग्राफी।
   - इस हेतु अपने शहर/जिले के सार्वजनिक स्थान को भी चयनित किया जा सकता है।
   - नशामुक्ति अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित करना।
6. **सेवा का रंग राष्ट्र के संग (17.10.2026)**
   - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्रमुख स्थान पर $17 \times 17$ से लेकर $76 \times 76$ फुट आकार की रंगोली।
   - रंगोली की थीम "विकसित भारत" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" हो।

- बारिश/हवा से सुरक्षा वाला स्थान चयनित किया जाये।
- फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ग्राउण्ड शूट की व्यवस्था।

7. <u>सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज</u>

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों/स्टार्टअप्स, इनोटेशन करने वालों को एक मंच से जोड़ना।
- देश के प्रमुख केन्द्रों (दिल्ली, बैंगलुरु, कोलकाता, महाराष्ट्र एवं गुजरात) में आयोजित होने वाले किसी इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी हेतु संस्थान के छात्रों का ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन किया जाना।

उक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिले के जिलाधिकारी अनुश्रवण अधिकारी होंगे और मुख्य विकास अधिकारी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक दोनों अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे।

संस्थानों के स्तर पर प्रत्येक कार्यक्रम हेतु किसी वरिष्ठ प्रोफेसर को नोडल अधिकारी सुनिश्चित करना और उसके साथ एक टीम बनाना, जिसमें छात्र-छात्राएं भी हों।

---------